संख्या-4/2017/126/35-3-2017-1(16)/2016

प्रेषक,

नवीन चन्द्र त्रिपाठी,
विशेष कार्याधिकारी ।
उत्तर प्रदेश शासन।

सेंवा में

जिलाधिकारी,
बहराइच।

नियोजन अनुभाग-3 **लखनऊ:दिनांक 15 फरवरी, 2017**

विषय: वर्ष 2016-17 में बार्डर एरिया डेवलपमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालयों मे अध्यापको हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्यो की द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह की कहने का निदेश हुआ है कि जनपद-बहराइच मे शासनादेश संख्या-68/2016/1785/35-3-2016-1(16)/2016 दिनांक: 22 अगस्त, 2016 के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरी घटही मिहिपुरवां मे अध्यापको हेतु टाइप-2 के 02 आवासीय भवन निर्माण हेतु रू 25.50 लाख (रू. पच्चीस लाख पच्चास हजार मात्र) की लागत सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करते हुये, प्रथम किश्त के रूप मे रू 25.00 लाख (रू. पच्चीस लाख शून्य हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। एतद्द्वारा उक्त कार्य की अनुमोदित लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप मे अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 0.50 लाख (रू. पच्चास हजार मात्र) की निम्न शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते है।

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 22 :अगस्त,2016 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।
2- जिलाधिकारी द्वारा द्वितीय किश्त कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करानें से पूर्व अपने स्तर से जिले के सक्षम अधिकारी से उक्त कार्यो हेतु प्रथम किश्त के रूप मे अवमुक्त की गयी धनराशि के सापेक्ष कराये गये कार्यो की प्रगति एवं उनकी गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन अवश्य कराया जायेगा।
3- अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर जिलाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीध्र उपलब्ध करवाया जायेगा।
4- इस शासनादेश से उक्त कार्य के लिये अनुमोदित लागत के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि का आवण्टन हो जाता है। कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत मे पूर्ण किया जायेगा और लागत वृध्दि अनुमन्य नही होगी।

उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016 -17 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40 आयोजनागत-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-06-बार्डर एरिया डेवलपमेन्ट कार्यक्रम-201-बेसिक शिक्षा-03-विद्यालय का भवन/विस्तार /बाउन्डीवाल निर्माण हेतु एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 1/2016/बी-1-746 / दस-2016-231/2016 दिनांक: 22 मार्च,2016 मे प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत के जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(**नवीन चन्द्र त्रिपाठी**)
विशेष कार्याधिकारी ।

<u>संख्या-4/2017/126(1)/ 35-3-2017-1(16)/2016 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि: निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त् विभाग , उ0प्र0 शासन ।
2- प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन ।
3- मण्डलायुक्त, देवीपाटन मण्डल।
4- महालेखाकार, प्रथम(लेखा एवं हकदारी) इलाहाबाद, उ0प्र0 महालेखाकार, लेखा परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) इलाहाबाद ।
5- निदेशक, सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन , लखनऊ ।
7- अपर निदेशक, भूमि उपयोग परिषद को इस आशय से कि शासनादेश को विभागीय बेव साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
8- कोषाधिकारी, बहराइच ।
9- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5।
10- उप निदेशक, (अर्थ एवं संख्या) देवीपाटन मण्डल।
11- अर्थ एवं संख्याधिकारी, बहराइच ।
12- राज्य योजना आयोग-।
13- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(**नवीन चन्द्र त्रिपाठी**)
विशेष कार्याधिकारी।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।